उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा "One Time Registration (OTR)" वन टाइम रजिस्ट्रेशन(ओ0टी0आर0) की प्रणाली लागू किये जाने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन।

संख्या–पीआरपीबी–व–1 / 1–2009(पार्ट– I I)विभिन्न ऐप / 2022 OTR   दिनांक–जुलाई   ,2025

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों के व्यापक हित में चयन हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक, सरल, पारदर्शी व सुगम बनाने की दृष्टि से "One Time Registration (OTR)" की प्रणाली दिनांक 31.07.2025 से लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है।

2– उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा भविष्य के समस्त ऑनलाइन आवेदनों / भर्तियों हेतु अभ्यर्थी का "One Time Registration (OTR)" अनिवार्य है। एक बार पंजीकरण के पश्चात अभ्यर्थी को अलग–अलग भर्तियों में आवेदन करने हेतु अपना व्यक्तिगत विवरण(नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि) दोबारा भरने की आवश्यकता नहीं होगी। यह सुविधा पूर्णतया निःशुल्क है।

3– अभ्यर्थी द्वारा बोर्ड की वेबसाइट–https://uppbpb.gov.in/ पर इस निमित्त दिए गये लिंक https://apply.upprpb.in पर जाकर वांछित सूचनाएं भरकर ओ0टी0आर0 की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है, जिससे भविष्य में होने वाले विज्ञापन में आवेदन करने में उन्हें कोई असुविधा न हो। ओ0टी0आर0 पंजीकरण करने हेतु अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु FAQ व वीडियो लिंक भी बोर्ड की वेबसाइट पर उपरोक्त लिंक पर उपलब्ध है।

4– ओ0टी0आर0 पंजीकरण करने में आ रही किसी भी समस्या के निराकरण हेतु अभ्यर्थी इस हेल्प लाइन नम्बर -1800 9110 005 पर प्रातः 10 बजे से सांय 7 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकते हैं।

अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि कृपया अपना "One Time Registration (OTR)" यथाशीघ्र कर लें।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ